# GSEB Std 9 Hindi Textbook Solutions Chapter 12 रानी

**Std 9 GSEB Hindi Solutions रानी Textbook Questions and Answers**

**स्वाध्याय**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. 'रानी' कौन-सी साहित्यिक विद्या है?**
उत्तर :
रानी 'रेखाचित्र' साहित्यिक विधा है।

**प्रश्न 2. लेखिका ने रानी के अलावा और कौन-कौन से चरित्र लिए है?**
उत्तर :
महादेवी वर्मा ने रानी के अलावा रोजी (कुतिया) और निक्की (नेवला) के चरित्र लिए हैं।

**प्रश्न 3. लड़कों ने स्मृतिपत्र में किस अन्याय की बात लिखी थी?**
उत्तर :
लड़कों ने स्मृतिपत्र में लिखा था कि जैसा अंग्रेज बच्चों के पास छोटा घोड़ा होता है वैसा अपने पास नहीं होना वह अन्याय की बात है।

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के तीन-चार वाक्यों में उत्तर दीजिए :**

**प्रश्न 1. रानी के साथ मित्रता स्थापित करने के लिए कैसे प्रयास किये गये?**
उत्तर :
धीरे-धीरे रानी से बच्चों की नाराजगी दूर होने लगी। वे उसकी गर्दन में झूलने लगे। उसके कानों और अयाल में फूल खोंसने लगे। वे उसे बिस्कुट और मिठाइयां खिलाने लगे।

**प्रश्न 2. रानी की पीठ पर सवारी करने पर कौन-सी दुर्घटना घटित हुई? क्यों?**
उत्तर :
एक बार महादेवी रानी की नंगी पीठ पर बैठीं। उसी समय उनके भाई ने अपने हाथ की पतली संटी रानी के पैरों पर मार दी। इससे रानी बहुत तेज भागने लगी। महादेवी देर तक खुद को न संभाल सकीं और नीचे गिर पड़ी। संटी लगने से रानी के स्वाभिमान पर चोट लगी और वह भागने लगी।

**3. शब्दसमूह के लिए एक-एक शब्द लिखिए :**

**प्रश्न 1. ज्ञान में वृद्धि करनेवाला**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

उत्तर :
ज्ञानवर्धक

**प्रश्न 2. बच्चे सरलता से कर सकें ऐसी प्रवृत्तियाँ**
उत्तर :
बालसुलभ प्रवृत्तियाँ

**प्रश्न 3. घोड़े पर बैठकर की जानेवाली सवारी**
उत्तर :
घुडसवारी

### 4. विरुद्धार्थी शब्द दीजिए :

**प्रश्न 1.**

1. **अपराधी**
2. **प्रसन्नता**
3. **दंड**

उत्तर :

1. निरपराधी
2. अप्रसन्नता
3. पुरस्कार

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in